हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार, 1 मई 2025

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान

अधिकतम 39 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

13 ब्राह्मण समाज के युवाओं ने निकाली ब्रम्ह गर्जना रैली



14 अक्ती पर्व पर छोटे बच्चों ने रचाया पुतरा-पुतरी का विवाह



## खबर संक्षेप

### घर-घर दस्तक देकर टीम कर रही आवेदनों का निराकरण



**धमतरी।** जिले में सुशासन तिहार के तहत मिले आवेदनों पर कार्यवाही कर विभाग द्वारा आवेदकों के घर-घर जाकर आधार कार्ड बनवाने या उसमें सुधार किया जा रहा है। जिला प्रशासन की टीमें गांव-गांव जाकर आवेदनों का निराकरण कर रही हैं। सेक्टर सांकरा अन्तर्गत ग्राम मौहाबाहरा के 13 हितग्राहियों ने आयुष्मान कार्ड बनाने आवेदन किया था। 29 अप्रैल को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हितग्राहियों के घरों में जाकर आयुष्मान कार्ड, ईकेवायसी की। उन्हें कार्ड प्रदान किया गया। 6 हितग्राहियों का ईकेवायसी पहले से पूर्ण हो चुका था। आयुष्मान कार्ड बन जाने से हितग्राहियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें व उनके परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता नहीं रही। क्योंकि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय उनके स्वास्थ्य की चिंता कर रहे हैं।

### आंगनबाड़ी के मासूम बच्चों की जान खतरे में



**भखारा।** नगर पंचायत भखारा में वार्ड क्रमांक 2 के रामलीला मैदान स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों की जान खतरे में है। आंगनबाड़ी केंद्र से लगा हुआ पुराना शासकीय भवन जर्जर हो चुका है। जर्जर भवन की दीवार कभी भी गिर सकती है। भविष्य में बड़ी दुर्घटना होने की आशंका है। आंगनबाड़ी सहायिका ने बताया कि इस विषय में जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक किसी ने इस पर गंभीरता नहीं दिखाई है। नगर के जागरूक लोगों का कहना है कि उक्त खंडहर को तोड़कर समतल करने से आंगनबाड़ी के बच्चों को खेलने के लिए भी पर्याप्त स्थान मिलेगा।

### ओलावृष्टि से खेतों में झड़ गई धान की बालियां

# किसानों पर हुई आफत की बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मंगलवार की रात हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसल को काफी नुकसान हुआ है। खासकर कुरूद क्षेत्र में ज्यादा ओलावृष्टि हुई है। इससे धान की बालियां झड़ गई हैं। वहीं सब्जी, मूंग, उड़द जैसी फसल को भी काफी नुकसान पहुंचा है। कुछ किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन प्रेषित कर क्षतिपूर्ति की मांग भी की है।

अंचल में पिछले कुछ दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा है। रोज शाम को बारिश हो रही है। मंगलवार को सुबह से ही आसमान पर काले बादल छाए थे। दोपहर को धूप खिली लेकिन रात में अचानक फिर से मौसम ने करवट ली। रात करीब साढ़े आठ बजे जमकर बारिश हुई। इसके बाद ओलावृष्टि का दौर चला। पहले तो छोटे-छोटे ओले गिरे, लेकिन बाद में डेढ़ मिमी तक की साइज के ओले गिरे। इससे किसानों को काफी नुकसान पहुंचा हैं। किसानों का धान पककर तैयार है। ओलावृष्टि से धान की बालियां झड़ गई हैं। कुरूद, भखारा, खपरी भानपुरी क्षेत्र में ज्यादा ओलावृष्टि होने की खबर है। किसान गिरधर साहू, मुन्ना सेन सहित अन्य किसानों ने बताया कि ओलावृष्टि से 10-20 प्रतिशत बालियां झड़ गई हैं। इससे उत्पादन पर असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि इस साल पहले ही धान की फसल कमजोर है। उपर से कीट प्रकोप और बीमारियों के चलते दवा में भी काफी खर्च आया है। आगे भी मौसम ऐसा ही रहा तो इस साल खेती की लागत निकालना भी मुश्किल हो जाएगा। उधर कई किसानों ने चना, गेहूं के बाद तीसरी फसल के रूप में उड़द, मूंग जैसी फसल भी लगाई है। ओलावृष्टि से इन फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।



#### आंधी-बारिश से नुकसान

कुछ दिनों से तेज हवाओं के साथ बारिश भी हो रही है। इससे सबसे ज्यादा धान की फसल प्रभावित हुई है। आंधी-बारिश से कई क्षेत्र में फसल चटाई की तरह जमीन पर बिछ गई है। जमीन में पानी होने के कारण धान की बालियों के सड़ने का खतरा बना हुआ है। बारिश से धान की क्वालिटी भी खराब हो रही है। वहीं किसानों ने हार्वेस्टर से कटाई कर धान को सुखाने के लिए खुले स्थान पर रखा है। बारिश से धान सूख नहीं पा रहा है, इससे भी क्वालिटी पर असर पड़ा है। कई किसानों का धान बारिश से भीग गया है।

#### सब्जी की फसल भी खराब

सब्जी उत्पादक किसानों को भी बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने भिंडी, बरबटी, लौकी, कुम्हड़ा, भटा की फसल लगाई है। खराब मौसम से इन फसलों में कीट प्रकोप, गलन जैसी अन्य बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। ओलावृष्टि से सब्जियों की क्वालिटी भी खराब होने का खतरा बना हुआ है। कृषि विभाग के फत्तेलाल पटेल ने बताया कि कुछ किसानों ने रागी जैसी लघुधान्य फसल भी लगाई है। बारिश से इन फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।

# बारात से पहले पहुंच गई बाल संरक्षण समिति

- नाबालिग का विवाह रूकवाया, एक साल बाद होगी शादी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अक्ती के दिन बाल विवाह रोकने निकली बाल संरक्षण समिति की टीम को एक सफलता मिली। मगरलोड ब्लाक के एक गांव में नाबालिग युवती की शादी की तैयारी चल रही थी। 5 मई को बारात आने वाली थी। इससे पहले ही बाल संरक्षण की टीम पहुंच गई। समिति की सलाह पर परिजनों ने विवाह को एक वर्ष के लिए टाल दिया है।

वर्ष 2027 तक जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य के लिए कलेक्टर के निर्देश एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का के मार्गदर्शन में बाल विवाह रोकने के लिए युद्धस्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की आशंका को देखते हुए जिला स्तर पर चार टीम का गठन किया गया था। इसमें से एक टीम मगरलोड ब्लाक में बाल विवाह पर नजर रखी हुई थी। टीम को सूचना मिली कि ग्राम पठार के पास स्थित एक गांव में एक नाबालिग लड़की की शादी की तैयारी चल रही है। शादी 5 मई को तय हुई थी। सूचना पर तत्काल बाल संरक्षण समिति की टीम बालिका के घर पहुंची और पंच, कोटवार एवं ग्रामवासियों के समक्ष बालिका की अंकसूची मांग कर उम्र की तस्दीक की गई। अंकसूची के आधार पर बालिका की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने में 8 माह कम थी। टीम ने परिजनों को समझाइश दी कि यदि बाल विवाह होता है तो सभी रिश्तेदार, परिवार के सभी लोग जेल चले जाएंगे। बारात गरियाबंद से आने वाली थी। लड़के पक्ष को भी फोन के माध्यम से समझाइश दी गई। आपसी समन्वय के बाद विवाह को एक वर्ष के लिए टाल दिया गया।



टीम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी आनंद पाठक, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी प्रमोद अमृत, गैर संस्थागत अधिकारी राजीव गोस्वामी, चाइल्ड लाइन से नेहा देवांगन, पूनम कोराम, देवानंद महामल्ला तथा दुगली थाना से दो आरक्षक सम्मिलित थे।

# दो बाइक में भिड़ंत, तीन युवक हुए घायल

- बिलाईमाता मंदिर चौक के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मंगलवार की रात्रि बिलाईमाता मंदिर चौक पर दो बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना में तीन लोग घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार दानीटोला निवासी डोमन साहू पिता रामधीन उम्र 51 वर्ष मंगलवार को मोटरसाइकिल से रामपुर वार्ड स्थित किराये के मकान में जाने के लिए निकला था। इसी दौरान टीकम साहू पिता तुकाराम उम्र 17 वर्ष निवासी ग्राम सरगी, यशवंत साहू पिता टेमन उम्र 27 वर्ष ग्राम जवरगांव निवासी अपने एक अन्य साथी के साथ बाइक में सवार होकर विपरीत दिशा से आ रहे थे। बिलाईमाता चौक के पास दोनों बाइक में आमने सामने की जोरदार







टक्कर हो गई। घटना में डोमन, यशवंत व टीकम घायल हो गए। डोमन के सिर पर गंभीर चोट लगी है, वहीं एक अन्य युवक घटना के बाद मौके से भाग गया। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान अपने सहयोगी के साथ घटनास्थल पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दो घायल अपने घर चले गये। वहीं घायल डोमन का इलाज जारी है।

### तीन सूने मकानों में चोरी की घटना को दिया था अंजाम

# चोरी के आरोपी व सुनार सहित 4 गिरफ्तार

- पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने प्रेसवर्ता में किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के तीन-अलग अलग सूने मकानों में चोरी करने वाले दो आरोपी सहित ज्वेलरी खरीदने वाले दो सुनार को पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी सूरजसिंह परिहार ने बताया कि दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम सिरकट्टा में 24 अप्रैल को मनसुखराम के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने कमरे में रखे संदूक से 1 लाख 45 हजार 500 रूपए नगदी व जेवर चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

इसी तरह भखारा थाना क्षेत्र की एक महिला के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर व 40 हजार नकदी कुल 80 हजार रूपए की चोरी की थी। वहीं बीते वर्ष अगस्त माह में संबलपुर के सूने मकान में चोरी की घटना हुई थी। शिकायत पर थानों में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया था। एसपी श्री परिहार ने विशेष टीम गठित कर अज्ञात चोर को बेनकाब करने आदेशित किया। उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में साइबर सेल तकनीकी व भखारा थाना ने आरोपियों की तलाश शुरु कर दी।




विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान घटनास्थल व आने जाने वाले रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरे फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया गया। फुटेज में दो युवक संदिग्ध हालत में घूमते पाए गए। मुखबिर की मदद से पुलिस ने संदेही देवनारायण सारथी उर्फ बब्बू निवासी ग्राम नारी, लोकेश साहू ग्राम कोकड़ी व चोरी का जेवर खरीदने वाले दो सुनार सोनराज सोनी नवापारा राजिम व विश्वजीत दलाई रायपुर निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

आरोपी देवनारायण सारथी उर्फ बब्बू पिता रामकुमार 34 वर्ष ग्राम नारी थाना कुरूद, लोकेश साहू पिता द्वारिका 37 वर्ष ग्राम कोकड़ी थाना कुरूद, जेवर खरीदने वाले सुनार सोनराज सोनी पिता पारसमल उम्र 30 वर्ष केसरपारा नवापारा राजिम व विश्वजीत दलाई पिता भारद्वाज 40 वर्ष टिकरापारा रायपुर निवासी को धारा 305, 331/3, 317/2, 3/5 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया।

एसपी ने बताया कि आरोपी देवनारायण को पूर्व में चोरी व जुआ एक्ट के तहत धमतरी जिले में गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं आरोपी लोकेश की गरियाबंद में चोरी के मामले में गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपियों पर निगरानी फाइल खोली जाएगी। प्रेसवार्ता के दौरान एएसपी मणिशंकर चंद्रा, डीएसपी मीना साहू, साइबर प्रभारी प्रदीप सिंग, दुगली प्रभारी प्रकाश नाग व भखारा थाना के स्टाफ मौजूद थे। आरोपियों को गिरफ्तार करने में साइबर सेल तकनीकी व भखारा थाना प्रभारी की सराहनीय भूमिका रही।

#### चोरी के जेवर रायपुर व नवापारा में बेचे गए

बुधवार को पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी सूरजसिंह परिहार ने बताया कि आरोपियों की सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की मदद से तलाश की जा रही थी। सूचना पर पुलिस टीम ने संदेही देवनारायण सारथी उर्फ बब्बू व लोकेश साहू को पकड़कर पूछताछ की। संदेहियों ने तीनों स्थानों पर चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने चोरी किए सोने चांदी के जेवर को टिकरापारा रायपुर व नवापारा राजिम में बेचना बताया। चोरी की नकदी रकम व बिक्री से प्राप्त राशि को आपस में बंटवारा कर खाने पीने व जुआ में खर्च करना बताया। आरोपियों के कब्जे से कुल नकदी 58 हजार, सोने चांदी के जेवर व घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटर सायकल को जब्त किया गया है। आरोपी से नकदी व जेवर सहित कुल 5 लाख 60 हजार व पल्सर बाइक कीमत 75 हजार रुपए जब्त की गई है।

### परशुराम चौक के पास समाजजनों ने 108 दीप जलाए, आरती की

# ब्राह्मण समाज ने मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अक्षय तृतीया पर ब्राम्हण समाज ने बुधवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव उत्साह से मनाया। सुबह 10 बजे रिसाईमाता मंदिर स्थित भगवान परशुराम की प्रतिमा का अभिषेक, पूजन, हवन व आरती की गई। हवन पूजन का कार्यक्रम दो घंटा चला। इसके बाद परशुरामजी का प्राकट्य महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ब्राम्हण समाज के जिलाध्यक्ष राकेश दीवान, पं. सूरज तिवारी ने कहा कि परशुराम जी का जन्म त्रेतायुग में ऋषिकुल में जन्म हुआ। वे भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। भगवान शंकर से विद्याप्राप्त कर विशिष्ट दिव्यास्त्र विधुदभि नामक नामक परसु प्राप्त किया। शास्त्र विद्या के महान गुरु थे। उन्होंने भीष्म, द्रोण, कर्म को शस्त्र विद्या प्रदान की। वे अहंकारी और घृष्ट राजाओं का पृथ्वी से 21 बार संहार किया। परशुराम जी ब्राम्हणों के कुलदेवता हैं।

बुधवार को रिसाईमाता मंदिर में दोपहर दो बजे महिला शाखा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में गीत, संगीत, नाट्य, गेम्स, कहानी, पेंटिंग, कला का आयोजन हुआ। महिला शाखा द्वारा शाम 6 बजे भगवान परशुराम चौक नपानि स्कूल के पास 108 दीपों का प्रज्जवलन कर पूजा पाठ व आरती की गई, आतिशबाजी भी हुई।







इसी क्रम में शुक्रवार 2 मई को शाम 5 बजे अष्ठधातु निर्मित भगवान परशुराम की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। पालकी यात्रा शाम 5 बजे घड़ी चौक से प्रारंभ होकर गोलबाजार, मठमंदिर चौक, चमेली चौक, कचहरी चौक, गणेशचौक, रामबाग होते हुए मां विंध्यवासिनी मंदिर में पूजा पाठ के बाद समाप्त होगी। इस दिन शाम 5 बजे घड़ी चौक में भगवान परशुराम की प्रतिमा के सामने सर्वसमाज द्वारा महाआरती की जायेगी। कार्यक्रम पश्चात बिलाईमाता मंदिर के पीछे स्थित सामुदायिक भवन में भोजन प्रसादी की व्यवस्था समाज की ओर से की गई है।

जयंती की पूर्व संध्या पर मंगलवार को शाम 5 बजे युवा शाखा द्वारा ब्रम्ह गर्जना वाहन रैली निकाली गई। रैली रिसाईमाता मंदिर रामसागरपारा से प्रारंभ होकर पूरे शहर के मुख्य मार्गों में भ्रमण किया। रैली का जगह-जगह स्वागत हुआ। रास्तेभर आतिशबाजी का दौर रहा। बच्चे, नौजवान, बुजुर्ग, युवा बाइक और वाहन में सवार होकर समाज का झंडा लेकर चल रहे थे। भगवान परशुराम के जयकारों से पूरा शहर धर्ममय हो गया। रैली का समापन मां विंध्यवासिनी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद हुआ।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश दीवान, तहसील अध्यक्ष सूरज तिवारी, विक्रांत शर्मा, पीयूष पांडे, युवराज शर्मा, प्रकाश शर्मा, रविप्रकाश साहू, सूरज शर्मा, विनोदकुमार पांडे, प्रमोदकुमार पांडे, डिगेश शर्मा, कृष्णा शर्मा, संतोष दीवान, शुभम शर्मा, संजय शर्मा, मेघा तिवारी, आस्था, आस्तिक पांडे, अनिका पांडे, मानवी पांडे, प्रदीप पांडे, अमन पांडे, राकेश तिवारी, आशुतोष शर्मा, विनोद पांडे, योगेश शर्मा, ममता शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# अब गांव से बाहर नहीं, बल्कि बसाहट के पास बनेंगे आंगनबाड़ी भवन

- कलेक्टर ने नये भवनों के लिए स्थान चिन्हांकित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में अब नये बनने वाले आंगनबाड़ी भवनों को गांव या बसाहट से दूर नहीं, बल्कि बसाहट के पास रिहायशी इलाकों में बनाया जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नये बनने वाले 31 भवनों के लिए गांव में बसाहट के बीच-पास भूमि चयन कर तत्काल पंचायत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी भवनों के गांव से बाहर अंतिम छोर पर बन जाने से बच्चों को आंगनबाड़ी तक आने में खासी परेशानी होती है। बच्चों के पालक भी दूर आंगनबाड़ी भवन तक बच्चों के पहुंचाने में कोताही बरतते हैं, जिससे आंगनबाड़ियों में बच्चों की उपस्थिति प्रभावित होती है और बच्चों के शारीरिक, मानसिक विकास पर भी प्रभाव पड़ता है। कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी भवन के गांव के बाहर बसाहट से दूर होने से आंगनबाड़ियों के संचालन का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाता। उन्होंने इसीलिए नए बनने वाले सभी भवनों को गांव के बीच बसाहटों के पास ही बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।




समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने नए बनने वाले आंगनबाड़ी भवनों के लिए महिला एवं बाल विकास, पटवारी, ग्राम सचिव और सरपंच के दल बनाकर उपयुक्त भूमि का चयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि आंगनबाड़ी भवन तक पहुंच मार्ग की उपलब्धता वाले स्थानों को प्राथमिकता दी जाए। कलेक्टर ने नए स्वीकृत 31 आंगनबाड़ी भवनों को बनाने के लिए भूमि का चिन्हांकन कर नक्शा-खसरा, जीयो टैग और पंचायत प्रस्ताव तैयार कर अगले सात दिनों में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के खाली पदों पर भर्ती के लिए भी तेजी से प्रक्रिया करने को कहा।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

गणेश घाट, कर्णेश्वर धाम और फरसियां में होगा विशेष पूजन, महाआरती और जनजागरण कार्यक्रम

# 2 मई से सिहावा में महानदी संरक्षण एवं पुनर्जीवन अभियान

■ एमएए से पर्यावरणीय चेतना, सांस्कृतिक संरक्षण और पर्यटन विकास को मिलेगा नया आयाम

## श्रृंगी ऋषि पर्वत क्षेत्र को मिलेगा पर्यटन का नया स्वरूप



जनपद सभा कक्ष में हुई बैठक।


स्थल निरीक्षण करते हुए अधिकारी एवम जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

जिले के सिहावा क्षेत्र में स्थित महानदी के पवित्र उद्गम स्थल श्रृंगी ऋषि पर्वत और आसपास के धार्मिक स्थलों को राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने तथा महानदी के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए महानदी अवेकनिंग अभियान (एमएए) का शुभारंभ 2 मई से किया जा रहा है। यह अभियान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस की प्रेरक पहल, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, अविनाश मिश्रा के कुशल नेतृत्व में साकार हो रहा है। इस अभियान के तहत फरसियां में सुबह 7 बजे महाआरती, सामतरा व छिपली में पूजन अर्चना के साथ होगा। बुधवार को एसडीएम नगरी प्रीति दुर्गम की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तय जनपद पंचायत करुणा सागर पटेल, ट्रस्ट की ओर से निकेश ठाकुर, नागेन्द्र शुक्ला, छबिलाल ठाकुर और भरत निर्मलकर मिश्रा के मार्गदर्शन में गणेश घाट के सौंदर्यीकरण, श्रृंगी ऋषि पर्वत तक सड़क चौड़ीकरण, मंदिर मार्ग पर विद्युत व्यवस्था, नदी किनारे एनीकट निर्माण, नौकायन सुविधा, वृक्षारोपण जैसी योजनाएं बनाई गई हैं। उन्होंने अधिकारियों को भौगोलिक सर्वेक्षण कर वास्तविक स्थिति प्रस्तुत करने और हर संभव मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यह अभियान सिहावा को केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि संस्कृति, पर्यावरण और रोजगार का संगम बनाने की दिशा में एक निर्णायक पहल साबित होगी।

### महानदी सांस्कृतिक चेतना की जीवनधारा

बैठक के बाद हरिभूमि से चर्चा करते हुए एसडीएम प्रीति दुर्गम ने कहा कि महानदी केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना की जीवनधारा है। इस अभियान के माध्यम से हम आने वाली पीढ़ियों के लिए जल स्रोतों की रक्षा, स्वच्छता और आस्था को एक साथ जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

### हर नागरिक की सहभागिता जरूरी

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि सिहावा के श्रृंगी ऋषि पर्वत और महानदी का उद्गम स्थल का जैसा विकास अब तक होना था, वैसा नहीं हो पाया है। अब यह अभियान उस स्थान को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जिसमें हर नागरिक की सहभागिता जरूरी है।

### रोजगार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से न केवल धार्मिक और पर्यावरणीय दृष्टि से बल्कि स्थानीय रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। हम पूरी निष्ठा से इस प्रयास में सहयोग कर रहे हैं।

### पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा

कर्णेश्वर धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता ने कहा कि हम वर्षों से कर्णेश्वर धाम और गणेश घाट के संरक्षण की दिशा में प्रयासरत हैं। अब जब प्रशासन और समाज साथ मिलकर कार्य कर रहा है, तो यह क्षेत्र निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा।

## खबर संक्षेप



### बरसों से मलबे में दबी कुएं की सफाई हुई

**जीजामगांव।** लगातार बढ़ती गर्मी के साथ घटते जलस्त्रोत को देखते हुए जीजामगांव के सरपंच देवचरण चंद्राकर ने गांव में बरसों से मलबे में दबी कुएं की सफाई करवाई। ज्ञात हो कि वर्तमान में तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है जिससे पानी का स्त्रोत लगातार कम हो रहा है। गर्मी में लोगों को पानी की समस्या से न जूझना पड़े इसलिए सरपंच श्री चंद्राकर गांव के कुओं की सफाई एवं मरम्मत करा रहे हैं। सरपंच की इस पहल की सभी प्रशंसा कर रहे हैं।

### होमगार्ड भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 22 जून को होगी

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के होमगार्ड विभाग में महिला एवं पुरूष नगर सैनिकों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 22 जून रविवार को आयोजित होगी। यह परीक्षा व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा ली जाएगी। इस परीक्षा के माध्यम से 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) और 500 पुरूष नगर सैनिकों की भर्ती होगी। लिखित परीक्षा के लिए पंजीयन और ऑनलाइन आवेदन 30 मई की शाम 5 बजे तक किए जा सकेंगे। अभ्यर्थी परीक्षा के लिए आवेदन व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाईट वीवायएपीएएमसीजी डाट सीजीस्टेट डाट जीओवी डाट इन पर ऑनलाइन कर सकेंगे। लिखित परीक्षा रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर और अम्बिकापुर में होगी।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

# अक्षय तृतीया पर्व की रही धूम

■ बच्चों ने मंडप सजाकर परंपरागत गुड्डे-गुड़ियों की शादी कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



नगरी में अक्षय तृतीया पर्व की धूम रही। छोटे बच्चों ने परंपरागत गुड्डे-गुड़ियों के विवाह की रस्म निभाई। चुलमाटी से विवाह की शुरुआत हुई है। बच्चे उत्साह के साथ थिरकते नजर आए। नगरी में अक्षय तृतीया के दो दिन पूर्व विभिन्न वार्ड, गलियों में बच्चे पुतरा पुतरी के विवाह की तैयारी में जुटे थे। परंपरा अनुसार बाजे-गाजे के साथ बच्चे अपने मोहल्ले से निकलकर सिर में बांस से बने पर्रा लेकर चुलमाटी लेने निकले। तेल, मायन व बारात की रस्म निभाई गई। मालूम हो कि अक्षय तृतीया को हिंदू धर्म के अनुसार विवाह के लिए शुभ माना जाता है। बूढ़ादेव पारा वार्ड नंबर 08 नगरी व विभिन्न वार्डों में पूर्णिमा, जागृति, तानिया, मुस्कान, शांता, चेतना, साधना, अंशु, दिशा, नम्रता, पल्लवी, गरिमा, ऋतु बिसेन, तुलसी यादव, काव्यांश साहू, सूर्यांश साहू नाचे गाते दिखाई दिए। ऋषि कुंभकार, प्रेमलाल कुंभकार द्वारा मेन रोड बजरंग चौक नगरी पर गुड्डे गुड़ियों की मूर्ति की बिक्री की जा रही थी। इसकी कीमत 50 से 100 रुपए थी।

## कुरुद में ओले के साथ बरसे बादल



**कुरुद।** नगर सहित अंचल में मंगलवार की शाम को मौसम ने रुख बदला और जमकर बारिश हुई। इससे गर्मी से लोगों को राहत मिली। वहीं बारिश के साथ देखते ही देखते जमकर ओले बरसने लगे। साप्ताहिक बाजार में बारिश होने से व्यापारियों को नुकसान हुआ, वहीं सड़कों और गलियों में ओला बरसने से उसके छोटे-छोटे कण बिखरने लगे। लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसे शेयर करना शुरू कर दिया।

# अच्छी फसल के लिए ठाकुरदेव में चढ़ाया दोना



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम राजपुर में अक्ती पर्व अक्षय तृतीया पर किसानों ने परसा पान का दोना बनाकर उसमें धान भरकर ठाकुर देव में चढ़ाया। बुधवार की सुबह किसानों ने ठाकुर देव की पूजा- अर्चना कर गांव की सुख, समृद्धि व अच्छी बारिश एवं अच्छी फसल की कामना की। किसानों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में अक्ती पर्व से ही धान बुआई प्रारंभ हो जाती है। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### 11वीं में 63.94 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए

**जीजामगांव।** शाउमावि दरबा का स्थानीय परीक्षा घोषित किया गया। कक्षा 11वीं में 63.94 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। कक्षा 11वीं में कला संकाय की छात्रा रेणुका बारले ने 85 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम, पूर्वा साहू 84.20 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा रेणुका निर्मलकर ने 80.20 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल परीक्षा में 63.24 प्रतिशत विद्यार्थी ने सफलता हासिल की। कक्षा नवमी में एकता साहू ने 98.50 प्रतिशत के साथ प्रथम, विवेक ने 95.58 प्रतिशत के साथ द्वितीय, कुमारी श्रद्धा ने 91 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। शाला की प्राचार्य सीमा कटारे ने सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामना प्रदान करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। यह जानकारी परीक्षा प्रभारी विनोद साहू व्याख्याता वाणिज्य संकाय ने दी।

# मोतिमपुर में खिलेश्वरी कार्यवाहक सरपंच बनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



ग्राम पंचायत मोतिमपुर में कार्यवाहक सरपंच खिलेश्वरी हेमलाल साहू निर्वाचित हुई। ज्ञात हो कि यहां सरपंच पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित था। ग्राम पंचायत में इस वर्ग के सरपंच प्रत्याशी नहीं होने के कारण सरपंच पद रिक्त था। पंचायती राज व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायत में सरपंच पद आवश्यक है।

पद की आपूर्ति के लिए आदेश के तहत 30 अप्रैल बुधवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। मोतिमपुर में 11 वार्ड पंच निर्वाचित हैं। किसी एक पंच को कार्यवाहक सरपंच बनाया जाना था। किन्तु समन्वय नहीं होने से वोटिंग की गई। खिलेश्वरी हेमलाल साहू और गोवर्धन महिलांगे ने प्रभारी सरपंच पद के लिए दावेदारी प्रस्तुत की। खिलेश्वरी को 7 मत तथा गोवर्धन को 4 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार खिलेश्वरी साहू को कार्यवाहक सरपंच पद हेतु विजयी घोषित किया गया। चुनाव पंचायत निरीक्षक दीपक भीमगंज और पंचायत सचिव चंद्रहास साहू के मार्गदर्शन में हुआ।

विश्व शांति के लिए 2 से 4 मई तक होगा आयोजन

# गोजी में 24 कुंडीय महायज्ञ की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



ग्राम गोजी के बाजार चौक में 2 से 4 मई तक विश्व शांति हेतु शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन गुरुदेव उमेशानंद गिरि महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है। इसकी तैयारी स्वयं गिरि महाराज गोजी पहुंचकर आयोजक समिति व शिष्यगणों के साथ कर रहे हैं। 24 कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ आयोजन हेतु 24 कुंड का निर्माण बाजार चौक में किया जा रहा है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्र से साधु संतों के अलावा वृंदावन काशी व अयोध्या के साधु संतों के आने की संभावना बताई गई है। इस आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीण अध्यक्ष बरातुराम साहू, समाज अध्यक्ष तुकाराम, जयमित्र साहू सरपंच, इंद्र नारायण साहू जिला साहू समाज युवा प्रकोष्ठ, थानेश्वर तारक पूर्व सरपंच, भेपेंद्र साहू उपसरपंच, देवलाल पाल, दौलत साहू , जलाल साहू, उमेश साहू, देवप्रकाश, सतीश, उमेश पाल, लक्षण पेंटर, वासुदेव सोनवानी, माखन साहू, ठाकुरराम साहू, रामनाथ साहू, विज्ञान साहू, पवन साहू व अन्य ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

## अंचल की खबरें

### कुल्हाड़ी स्कूल का रिजल्ट घोषित



**जीजामगांव।** शासकीय माध्यमिक शाला कुल्हाड़ी में कक्षा 6वीं एवं 7वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष जनकराम साहू, शिक्षाविद योगेंद्र साहू, सदस्य पूर्णिमा यादव तथा पालकगणों ने बच्चों से कहा कि उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए अभी से जुट जाना होगा। इस अवसर पर प्रधानपाठक देवकरण साहू, संकुल समन्वयक टुकेश्वर गहिवारे, शिक्षक हेमलाल टंडन, शिक्षिका श्रीमती टी. साहू ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### सशिमं मंदरौद में परीक्षा परिणाम घोषित



**कुरुद।** सरस्वती शिशु मंदिर मंदरौद में स्थानीय कक्षाओं का परीक्षा परिणाम समिति के अध्यक्ष टेकराम साहू, उपाध्यक्ष नीलमणि साहू, व्यवस्थापक रामदयाल साहू, प्रधानाचार्य टीकाराम साहू, पालक गोपाल चन्द्राकार, देवेन्द्र साहू, मोहन चन्द्राकर व आचार्य, दीदियों की उपस्थिति में घोषित किया गया। कक्षा अरुण में प्रथम दिव्या, जान्वी, चारू, डिम्पल, त्रिशा, काव्या, ऋषभ, ऐश्वर्या, कुंजल, जागृत, रूद्राक्ष, ओम कुमार तथा कक्षा सप्तम में गोवर्धन प्रथम रहे। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ाई के साथ जीवन जीने की कला सिखाया जाती है। यहां बच्चों को शिक्षा ही नहीं संस्कार, मानसिक, बौद्धिक व शारीरिक रुप से सुदृढ़ बनाया जाता है।

### गैलेक्सी स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



**मगरलोड।** गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मगरलोड में 30 अप्रैल को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। पीपी वन में अविनय कुमार प्रथम, भाविका साहू द्वितीय, पीपी टू में दीप्ति साहू प्रथम, छत्रपाल द्वितीय, कक्षा पहली में लीलेश प्रथम, मितेश द्वितीय, कक्षा दूसरी में गिरीश प्रथम, प्रणय द्वितीय, कक्षा तीसरी में कुसुमलता प्रथम, निधि सेन द्वितीय, कक्षा चौथी में राधिका सेन प्रथम, प्राची द्वितीय, कक्षा छठवी में कुमेंद्र प्रथम, भानवी द्वितीय, कक्षा सातवीं में देविका प्रथम, ललित द्वितीय, कक्षा नवमी में लीना प्रथम, दीपांशु द्वितीय, कक्षा 11वीं में मुस्कान प्रथम व अंजलि द्वितीय रही। इस अवसर पर गैलेक्सी स्कूल के पालक अध्यक्ष घनश्याम बिंझेकर, मैनसिंह हिरवानी, प्राचार्य देवधर सिन्हा, आरके निषाद, परीक्षा प्रभारी केआर ध्रुव, एसएल साहू, प्रधानपाठक गणेश्वर साहू सहित पालकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### नवमी का परीक्षा परिणाम जारी



**धमतरी।** शासकीय हाई स्कूल सांकरा के कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम जारी किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच उदेराम साहू, विशिष्ट अतिथि उपसरपंच तुलसी राम साहू, ग्राम पटेल लीलेश्वर बनपेला थे। अध्यक्षता संस्था प्रमुख भीखम साहू ने की। कक्षा नवमी में कुल 52 छात्र अध्यनरत थे । 4 छात्र अनुपस्थित रहे। कुल 48 छात्र परीक्षा में प्रविष्ट हुए । इनमें से 37 छात्र उत्तीर्ण और 11 छात्र अनुत्तीर्ण हुए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 77 प्रतिशत रहा। अतिथियों ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया साथ ही असफल विद्यार्थियों को निराश न होकर आगे मेहनत करने की सलाह दी। मौके पर शिक्षक डीके यादव, बीके साहू, श्रीमती किरण चंद्राकर, श्रीमती ममता केरकेट्टा, श्रद्धा गुगेल उपस्थित थे।

बच्चों में रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देने का अच्छा माध्यम : कलेक्टर

# 14 स्कूलों की अटल टिकरिंग लैब में तैयार 20 मॉडल का हुआ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्थानीय शिवसिंह वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर अटल टिकरिंग लैब में बच्चों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अटल टिकरिंग लैब बच्चों में रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ाने का अच्छा माध्यम है। कलेक्टर ने बच्चों से उनके द्वारा बनाए गए मॉडल्स के बारे में पूछा और भविष्य में उपयोग में आने वाले मॉडल बनाने प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों द्वारा तैयार किए गए मॉडल्स की सराहना की और उनका उपयोग अपने आसपास भी करके देखने कहा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बच्चों से स्कॉलरशिप का लाभ मिलने की भी जानकारी ली। साथ ही समर कैम्प आदि के बारे में भी पूछा।

जिले के 14 स्कूलों की अटल टिकरिंग लैब में तैयार किए गए लगभग 20 मॉडल्स का प्रदर्शन शिवसिंह वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। इनमें मेडिसीन डिस्पेंसर, एलपीजी डिटेक्टर, टचलेस लेम्प्स, ब्लूटूथ कंट्रोल डोर लॉक, जानवरों से फसल की सुरक्षा, गैस लीकेज सिस्टम, स्मार्ट लॉकर, स्मार्ट डस्टबीन, स्मार्ट ब्लाइंड स्टीक, डेमो सोलर लाईट, एयर एंड वाटर क्वालिटी इंडेक्स सहित विभिन्न प्रकार के मॉडल्स प्रदर्शित किये गये। इन प्रदर्शनियों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संबलपुर के लुकेश कुमार का मॉडल प्रथम, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरमुड़िया के उमेश देवांगन का मॉडल दूसरा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूद्री की कुमारी सोनम का मॉडल तीसरे स्थान पर रहा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जगदल्ले ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती बी.मैथ्यू, डीएमसी श्री सूर्यवंशी, एपीसी खेमेन्द्र साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंचल की खबरें

### साहित्य पर विमर्श करने नारी में एकत्रित हुए साहित्यकार



**सिर्री।** ग्राम नारी में मधुर मिलन साहित्य समिति द्वारा आयोजित साहित्यिक गोष्ठी में संगवारी साहित्य समिति सिर्री और रत्नांचल साहित्य समिति गरियाबंद से जुड़े कवियों ने रचनापाठ कर साहित्य पर केंद्रित चर्चा परिचर्चा में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पवन बांसकर, सतीश शर्मा और मोहन कंसारी ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामेश्वर साहू बकली, सतीश शर्मा, मोहन कंसारी नारी, परमानंद बृजलाल दावना, सेलिना दावना, गंगाराम परेटहा, तातुराम, कामताप्रसाद साहू भैसबोड, लीलाराम सिन्हा, लुकेश साहू मरौद, राजू छत्तीसगढ़िया, चोपेश्वर साहू गातापार, धर्मेंद्र, घनाराम जोरातराई, जितेंद्र, संतोष सोनकर, सरोज कंसारी, टीकमचंद सेन नवापारा, शिवशंकर साहू चंद्रसूर ने अपने रचनापाठ के साथ ही विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये। समापन सत्र में साहित्यकारों का अंगवस्त्र और श्रीफल के साथ सम्मान किया गया। मौके पर धनीराम साहू, जिज्ञासा कंसारी, मेघा कंसारी, रिकेश कंसारी, तराना नगारची, पायल नगारची उपस्थित थे। आयोजक सतीश शर्मा और मोहन कंसारी ने आभार व्यक्त किया।

### धौराभाठा स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा में कक्षा 1 से 4 तक परीक्षा परिणाम की घोषणा कर प्रगति पत्रक का वितरण किया गया। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को सरपंच त्रिलोचन साहू ने डिजिटल घड़ी, पेन और कॉपी प्रदान की। अपने उद्बोधन में सरपंच ने बच्चों को बताया कि लक्ष्य निर्धारण एवं समय प्रबंधन सफलता का मूलमंत्र होता है और जो विद्यार्थी समय का समायोजन कर पूरी लगन के साथ पढ़ाई करते हैं। उनको सफलता निश्चित रूप से मिलती है। इस अवसर पर प्रबंधन समिति अध्यक्ष धनंजय साहू, नीलकंठ ध्रुव, मनोज साहू, प्रहलाद सिन्हा, विनय साहू, कुंजलाल साहू, वर्षा ठाकुर, धनेश्वरी साहू, देवेंद्र सिन्हा, तामेश्वर साहू, मीरा ध्रुव, पार्वती ध्रुव, स्कूल स्टाफ राकेश चंद्राकर, रोशनलाल ध्रुव, तामेश्वर निषाद, हेमलता रात्रे समेत विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रधानपाठक लीलाराम साहू ने किया।

### माध्यमिक स्कूल की पढ़ाई जीवन का मूल आधार : गौकरण



**सिर्री।** शासकीय माध्यमिक शाला कठौली में कक्षा छठवीं, सातवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू रहे। कक्षा 6वीं में साक्षी निषाद, द्वितीय पूजा निषाद, तृतीय उपासना निषाद रहे। वहीं कक्षा 7वीं में प्रथम किरण साहू, द्वितीय हिना साहू, तृतीय हिना मानिकपुरी रही। मुख्य अतिथि गौकरण साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल की शिक्षा ही पढ़ाई जीवन का मुख्य आधार है। इन कक्षाओं में ही अपनी भाषाओं में पकड़ बनाने के साथ पढ़ाई और जीवन के उद्देश्यों को लेकर बीज बोया जाता है ताकि सही शिक्षा और संस्कार से जीवन लक्ष्य की प्राप्ति कर सके। मौके पर विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर कठौली सरपंच खेमराज साहू, प्रधानपाठक प्रकाशचंद्र साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ओमराम साहू, समिति के सदस्यगण भादुराम, छबिलाल, याददास मानिकपुरी, राजकुमार निषाद, चंद्रकांत नगारची, रामनारायण जांगड़े, सुशील बंजारे, जनकदुलारी साहू समेत पालकगण मौजूद रहे।

■ कठौली स्कूल में छठवीं, सातवीं का परीक्षा परिणाम घोषित

### ग्राम सोरम में महापौर रामू रोहरा का हुआ सम्मान, उमड़ा जनसैलाब





**धमतरी।** ग्राम सोरम छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज द्वारा ग्राम सोरम में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में महापौर जगदीश रामू रोहरा के प्रथम आगमन पर पारंपरिक रीति से भव्य स्वागत किया गया। समाज के सदस्यों ने फूल माला से लादकर, पारंपरिक वेशभूषा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए श्री रोहरा ने कहा, झेरिया यादव समाज अपनी मेहनत, त्याग और एकजुटता के लिए जाना जाता है। मुझे गर्व है कि मैं इस समाज का हिस्सा बनकर आज आप सभी के बीच उपस्थित हूँ। समाज के युवाओं को आगे बढ़कर शिक्षा, रोजगार और सेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने का आह्वान किया। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों जैसे जगन्नीक यादव, भागवत यादव, रंजीत यादव, रमेश यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी समारोह को संबोधित किया और महापौर का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभावान सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रेखा यादव ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मनोज यादव ने प्रस्तुत किया। समारोह के पश्चात सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी और समाजजन शामिल हुए।

### निधन : तिहारु राम साहू



**धमतरी।** ग्राम लिमतरा के वयोवृद्ध तिहारु राम साहू 85 वर्ष का निधन हो गया। वे सुदर्शन साहू एवं भुनेश्वर साहू के पिताजी थे। उनके अंतिम कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

---

नगरी में भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर हुआ हवन-पूजन

# ब्राह्मण समाज के युवाओं ने निकाली ब्रम्ह गर्जना रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव एवं अक्षय तृतीया पर सप्तर्षि ब्राह्मण समाज तहसील नगरी के तत्वावधान में भव्य धार्मिक आयोजन हुआ। नगर के शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड क्रमांक 01 परशुराम नगर स्थित विप्र समाज भवन में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत भव्य ब्रम्ह गर्जना रैली से हुई। सैकड़ों युवाओं ने मोटरसाइकिलों पर सवार होकर भगवा ध्वज के साथ पूरे नगर का भ्रमण किया। रैली उपरांत सामाजिक भवन में भगवान परशुराम का विधिवत पूजन एवं हवन हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, गोपी कश्यप, अभिनव अवस्थी, अंगेश हिरवानी, गोलू मंडावी मंच पर थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि परशुराम जी का जीवन ज्ञान, शक्ति और नीति का अद्भुत समन्वय है। ब्राह्मण समाज की चेतना और संगठन ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि धर्म और संस्कृति के संरक्षण में ब्राह्मण समाज की भूमिका ऐतिहासिक रही है। आज का यह आयोजन उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन अन्याय के विरुद्ध सत्य की स्थापना का प्रतीक है। समाज की एकजुटता प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में कल्पनाथ पांडेय, ललित शर्मा, नागेंद्र शुक्ला, रेवाप्रसाद तिवारी, उत्तम प्रसाद मिश्रा, दुर्गेश नंदन शर्मा, डॉ. पचौरी, बिरेन्द्र मिश्रा, राकेश चौबे, श्रीमती अमिता दुबे, आराधना शुक्ला, हेमलता शर्मा, चन्द्रहास दुबे, साधना तिवारी, त्रिभुवन तिवारी, शकुन दुबे, शाश्वत शुक्ला, आदित्य पांडे, राजेश तिवारी, त्रिलोचन तिवारी, जगदीश दिवान और राजेश कुमार तिवारी सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजनों की भागीदारी रही। कार्यक्रम के समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

**भगवान परशुराम सनातन संस्कृति की धरोहर**

सप्तर्षि ब्राह्मण समाज तहसील नगरी के अध्यक्ष रविशंकर दुबे ने कहा कि भगवान परशुराम सनातन संस्कृति की धरोहर हैं, जिन्होंने सदैव धर्म, न्याय और मर्यादा की रक्षा की। युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों पर चलकर राष्ट्र और समाज सेवा में आगे आना चाहिए।

## भैसमुंडी मिडिल स्कूल में सेवानिवृत संस्था प्रमुख को दी गई विदाई



■ कर्तव्य निष्ठा तथा संस्था प्रमुख के रूप में विद्यालय में किए गए कार्यों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

शास. माध्य. शाला भैसमुंडी में संकुलस्तरीय विदाई सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि शकुंतला साहू रहीं। अध्यक्षता सरपंच ओमप्रकाश यादव ने की। विशिष्ट अतिथि स्काउट गाइड स्थानीय संघ अध्यक्ष मनीष साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, बीआरसीसी कुलेश्वर सिन्हा, प्राचार्य टेकराम सोनकर, डोमनलाल सेन, चैनसिंह साहू थे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत संस्था प्रमुख शकुंतला साहू के शिक्षकीय जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी कर्तव्य निष्ठा, कार्यकुशलता तथा संस्था प्रमुख के रूप में विद्यालय में किए गए कार्यों की सराहना की। पूर्व शिक्षक एसआर साहू ने शिक्षकीय पेशा के महत्व तथा गरिमा पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संस्कारवान बनाने के लिए उचित शिक्षा और संस्कार देने की बात कही। स्काउट गाइड स्थानीय संघ अध्यक्ष मनीष साहू ने स्वामी आत्मानंद हायर सेकण्डरी विद्यालय में अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए समाज में तथा विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। इस दौरान गुदगुदा संकुल के शाला परिवार की ओर से अभिनंदन पत्र तथा उपहार भेंटकर सेवानिवृत संस्था प्रमुख शकुन्तला साहू को सम्मान सहित भावभीनी विदाई दी गई। मंच संचालन सीएसी एनआर कंवर तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य आरके टाण्डे ने किया। मौके पर शत्रुघन साहू, संकुल समन्वयक नान्हूराम कंवर, संस्था प्रमुख उत्तरा निर्मलकर, प्रधानपाठक जगमोहन साहू, शिप्रा कन्नौजे, भावना लावत्रे, दुर्गेश द्विवेदी, गोविन्द साहू, जतीश सिन्हा, चंद्रिका यादव, चंद्रप्रभा बघेल, शंकरलाल मानिकपुरी, सुनीता सोनकर, पूर्णिमा लहरे, कविता साहू, रेखचंद लावत्रे, विनीता देशमुख, अशोक साहू, मनोज नेताम, निर्मल प्रकाश सोनी सहित गणमान्य नागरिक व स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

## अस्पताल, स्कूल, कॉलेज के आसपास नशे की सामग्री बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले के अस्पताल, स्कूलों और कॉलेजों के आसपास नशे की सामग्रियों की बिक्री पर अब प्रभावी रोक लगेगी। ऐसा करने वाले दुकानदारों या ठेला संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को रोकने के लिए छापामार कार्रवाई भी होगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इसके लिए सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने नशे अवैध कारोबार में शामिल लोगों की पहचान कर कठोर कार्रवाई करने, ऐसी दुकानों, संस्थाओं या घरों की सतत निगरानी करने, नशे के हॉटस्पॉट की पहचान कर उनका निरीक्षण करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। श्री मिश्रा ने जिले के स्कूलों, कॉलेजों और छात्रावासों में विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताकर जागरूक करने का अभियान चलाने को भी कहा। कलेक्टर ने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए महिला स्वसहायता समूहों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, डॉक्टरों के साथ-साथ गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की भी मदद लेने को कहा। श्री मिश्रा ने जिले में संचालित भारत माता वाहिनियों के कामकाज में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी

**खरेंगा स्कूल में नवमी, ग्यारहवीं का परीक्षाफल घोषित**

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा प्राचार्य श्रीमती अनीता वैद्य द्वारा की गई। नवमी में प्रथम टकेश्वर निषाद पिता हीराराम निषाद, द्वितीय तुलेश्वरी देव कुमार सोनकर, तृतीय रश्मि यशवंत सोनकर, कक्षा ग्यारहवीं कला में प्रथम खेमेन्द्र डोमेश्वर ढीमर, व्दितीय चंद्रप्रभा राजेश चक्रधारी, तृतीय वेदिका कामता प्रसाद प्रतिशत, विज्ञान संकाय में प्रथम थनेश्वर चक्रधारी अनिल चक्रधारी, द्वितीय नूतन पोषण लाल चक्रधारी, लेनिशा संजय कुमार साहू रहे। वाणिज्य संकाय में प्रथम रितेश कुमार संतोष कुमार चक्रधारी, द्वितीय भेनु, तृतीय हर्षलता चित्रसेन रहे।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुभाष साहू, श्रीमती नीलम साहू, उपसरपंच डीसेंट साहू, शिक्षकगण शेषनारायण गजेंद्र, प्रभुलाल सिन्हा, वीरेंद्र कुमार यादव, कैलाश कुमार सिन्हा, मुकेश कुमार सोनकर, मनोज साहू, दीपक निषाद, प्रफुल्लनाथ योगी, मिथिलेश कुमार, श्रीमती मनेश्वरी वर्मा, श्रीमती नीतू शर्मा, श्रीमती एन राजगढ़िया, श्रीमती अंशिता पचौरी, श्रीमती लेखनी साहू एवं प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद थे। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी होती है। परीक्षा वह माध्यम है जिसके माध्यम से व्यक्ति अपना भविष्य तय करता है।

## ज्ञान अमृत स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ज्ञान अमृत विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा। हिन्दी माध्यम से कक्षा केजी वन में प्रथम नोहेन्द्र सोनकर, द्वितीय गजेन्द्र यादव, केजी टू में प्रथम लोव्यांश हिरवानी, द्वितीय अनुष्का ध्रुव, पहली में प्रथम दिशा सोनकर, जान्हवी देवांगन, दूसरी में प्रथम विकास पेंदरिया, द्वितीय डिकेश हिरवानी, तीसरी में प्रथम ख्यातिरानी कौशिक, द्वितीय भूमिका भारत, चौथी में प्रथम वैष्णवी निर्मलकर प्रथम, माही नामदेव द्वितीय, छठवीं में प्रथम मीनाक्षी ढीमर, द्वितीय नव्या पटेल, सातवी में प्रथम पूर्वा नाग प्रथम, दिव्या रिगरी द्वितीय रही। अंग्रेजी माध्यम से कक्षा नर्सरी में प्रथम आस्था सोनकर, द्वितीय मीहिका कुम्भकार, केजी वन में प्रथम जीशान रजा, द्वितीय धानी यादव, केजी टू में प्रथम शौर्य साहू, द्वितीय माही हिरवानी, पहली में प्रथम आरवी खरे, द्वितीय डिम्पल देवांगन, दूसरी में प्रथम भूमिजा पदमवार, द्वितीय हिमांशु साहू, तीसरी में प्रथम चेतन मीनपाल, द्वितीय लावण्या सोरी, चौथी में प्रथम श्रीजल यादव, द्वितीय मेहनाज बॉनो, छठवीं में प्रथम नव्या सोनकर, द्वितीय हर्षिका देवांगन, सातवीं में प्रथम लक्ष्य सोनी, द्वितीय खुशांत कुम्भकार, नवमी में प्रथम होमांगनी देवांगन एवं दीक्षा खरे द्वितीय रही।

प्रधानपाठिका श्रीमती पुष्पलता जाधव ने कहा कि यह छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय स्टाफ की कड़ी मेहनत का परिणाम है। मौके पर श्रीमतीभुनेश्वरी देवांगन, ममता तिवारी, कल्पना माने, मनीषा अंकमवार, हेमलता देवांगन, हिमानी साहू, पूजा राजवानी, रूमानी कुरेशी, ज्योति सानी, गायत्री दुबे, प्रियंका सोनी, अनूपा टंडन, सिध्दिति सोनी, प्रिया शर्मा, शीतल सोनी, अलिशा मेमन, लीना सिन्हा, नेहा सिन्हा, गायत्री देवांगन, डिकेश नाग, शैलेन्द्र साहू, राजेन्द्र साहू समेत छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे।

## मड़ेली स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़ेली में कल नवमी और ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह भी रखा गया। प्राचार्य मनोज टंडन की अध्यक्षता में शुरू हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ठाकुरराम साहू जनपद सदस्य, विशिष्ट अतिथि सरपंच श्रीमती वीणा लक्ष्मीनारायण साहू, उपसरपंच ओमप्रकाश देवांगन, यशवंत साहू और डॉ नंद कुमार साहू थे। अन्य अतिथि कुलेश्वर ध्रुव, शैलेंद्र साहू, अर्जुनलाल पटेल, मोतीलाल साहू, खेमूराम पटेल, षष्ठम देव पटेल, श्रीमती धनेश्वरी साहू, बहुरराम साहू और नीलमराम साहू थे। कक्षा 9वीं में 64 प्रतिशत और 11वीं में 71 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कक्षा 11वीं में निधि बैस प्रथम (गणित), सोनाली द्वितीय (गणित), हिना तृतीय (वाणिज्य), तारिणी प्रथम (कला), ट्विंकल प्रथम (विज्ञान), देवकुमार प्रथम (वाणिज्य), खिलेश पटेल प्रथम (कृषि) रहे। कक्षा 9वीं में मीनाक्षी पटेल प्रथम, वासनी द्वितीय और चंचल साहू तृतीय रही। मंच संचालन वरिष्ठ व्याख्याता निरंजन साहू ने किया। मौके पर विद्यालय स्टाफ हीराराम साहू, तुषेंद्र तरार, तृप्ति सोनी, फरजाना अली, संजय साहू, मंजुलता ध्रुव, गीता यादव, रजनीश साहू, रुस्तम सिंह, खिलेश साहू, दिनेश साहू, पूनम साहू, चंद्र प्रकाश देवांगन, वेदनारायण कंवर, देवेंद्र कुमार, धर्मेंद्र साहू उपस्थित थे।

## छाती विद्यालय के 9वीं में साक्षी व 11वीं में भविष्य और लीना अव्वल



**पुरी(धमतरी)।** स्व. भूपालमणी यादव शाउमावि छाती में 9वी, 11वी, का वार्षिक परीक्षा परिणाम 28/04/2025 को विद्यालय में घोषित किया गया। कक्षा 9वीं में प्रथम स्थान, कु. साक्षी साहू 94.3% द्वितीय स्थान शुभम साहू 89.8% तृतीय स्थान डुनिसा साहू 87.3% तथा कक्षा 11 वी में प्रथम स्थान भविष्य चन्द्राकर 82.4%. विज्ञान एवं प्रथम स्थान लीना ढीमर 82.4% कॉमर्स द्वितीय स्थान लोभेन्द्र पाठक 81.2% कला तृतीय स्थान जागृति साहू 81% कॉमर्स प्राप्त किया।

कार्यक्रम में उपस्थित शाला विकास समिति अध्यक्ष राजेश चन्द्राकर, सरपंच श्रीमती दानेश्वरी यादव, उपसरपंच रमेश यादव, पवन बघेल, तुकाराम साहू, गणेश चन्द्राकर, शिव चन्द्राकर, राजेन्द्र चन्द्राकर, शुभम चन्द्राकर, गोणार्क चन्द्राकर संस्था प्रमुख बीआर साहू शिक्षकगण, विनीता सिन्हा, अनिल नागवंशी निकेश कुंभकार, सेवकराम खरे, कल्पना हुखरे, रश्मि नन्नावरे अनिता श्याम कंवर, अम्बालिका साहू, फलदेवी साहू, गार्गी साहू, ममता ठाकुर, दयालाल साहू, विनयप्रकाश साहू, त्रिलोचन राम कंवर, लालचंद चन्द्राकर एवं पालक गण, गोविद साहू, सरस्वती ढीमर एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अम्बालिका साहू द्वारा किया गया।

## ग्राम कुकरेल स्थित दीप ज्योति विद्या मंदिर में परीक्षा परिणाम घोषित



**कुकरेल(धमतरी)।** दीप ज्योति विद्या मंदिर कुकरेल में परीक्षा परिणाम कार्यक्रम केमुख्य अतिथि शीतला मण्डावी, विशिष्ट अतिथि प्रवीण साहू पंच तथा विशेष अतिथि यशवंत पटेल, खिलेन्द्र सिन्हा तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य हीराराम साहू, शिक्षकगण योगेश सिन्हा, श्रवण मरकाम, हेमिन अग्रवाल, ईश्वरी सिन्हा, ओमिन ध्रुव तथा पालकगणों की उपस्थिति में घोषित किया गया। कक्षा केजी वन में दीक्षांत साहू प्रथम 98.6 प्रतिशत, केजी टू देवांशी साहू प्रथम 98 प्रतिशत, कक्षा प्रथम तन्मय निषाद 93.6 प्रतिशत, कक्षा द्वितीय से भूमिका साहू प्रथम 93.66 प्रतिशत, कक्षा तृतीय से रोनित खोब्रागड़े 94.57 प्रतिशत प्रथम, कक्षा चौथी में भाविका पटेल प्रथम 97.16 प्रतिशत रही। अतिथि प्रवीण साहू ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

## शंकरदाह स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरदाह में कक्षा 9वीं व 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। 9वीं का परीक्षा परिणाम 90 व 11वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं में कुमारी रितिका देवांगन पिता सोमन देवांगन प्रथम रही। कक्षा ग्यारहवीं में कुमारी नेहा पिता लक्ष्मण साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में कुमकुम पिता सोमन देवांगन, वाणिज्य संकाय में तृषा बारले पिता योगेश बारले प्रथम रही। सभी उत्तीर्ण बच्चों का मुंह मीठा कराया गया तथा प्रशस्ति पत्र, अंकसूची प्रदान की गई। शाला विकास समिति अध्यक्ष हेमंत साहू ने छात्रों को जलेबी का वितरण किया। मौके पर सरपंच श्रीमती रमी गौतम, हेमंत साहू शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष, उपसरपंच विनोद डिंडोलकर, मनीष साहू, उपसरपंच नोमेश सिन्हा, शाला विकास समिति सदस्य अमृत ध्रुव, सोमन देवांगन तथा प्राचार्य श्रीमती शोभा दुबे, टी वैद्य, एच अंधारे, मोनिका शाह, राजेंद्र राखेचा, वर्षा तिवारी, नंदनी साहू, सुरेश साहू, प्रदीप सिन्हा, शैव्या गोस्वामी, पवन परिहा, एस. ध्रुव उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## अक्षय तृतीया पर गुड्डे-गुड़ियों का ब्याह रचाया

**धमतरी।** ग्रामीण अंचल में अक्षय तृतीया की धूम मची रही। अक्षय तृतीया के अवसर पर सुबह ग्रामीणों ने ठाकुरदेव में दोना चढ़ाकर गांव की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। वहीं छोटे बच्चों द्वारा गुड्डे गुड़ियों का पारंपरिक ढंग से ब्याह रचाया गया। ग्राम कलातराई में देविका, निहारिका, मनीषा, गौरव, रूद्र, सानिया ने भी पारंपरिक ढंग से गड्डे-गुड़ियों के विवाह की रस्म निभाई।

## शारदा उमावि में 9वीं-11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

**धमतरी।** प्रगति शिक्षण समिति द्वारा संचालित शारदा उमावि पोटियाडीह में 9वीं एवं 11वीं का परिणाम घोषित किया गया। 9वीं में 78 एवं 11वीं में 75 फीसदी विद्यार्थी सफल हुए। कक्षा 9वीं में प्रथम संध्या साहू 80 प्रतिशत, द्वितीय डोमेंद्र साहू 70 प्रतिशत एवं तृतीय षष्ठी मानकुर 65 प्रतिशत रहे। कक्षा 11वीं में प्रथम डेकेश साहू 90 प्रतिशत, द्वितीय केनैवा देवांगन 83 प्रतिशत एवं तृतीय निधि साहू 80 प्रतिशत रहे। प्राचार्य श्रीमती वी.साहू, बीपी साहू, रविकांत देवांगन, पूजा सेन एवं धात्री साहू ने छात्रों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है।

## नगरी महाविद्यालय में 50 लाख से होगा अतिरिक्त कमरों का निर्माण

**धमतरी।** महापौर रामू रोहरा गत दिनों नगरी महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। इस अवसर पर महाविद्यालय समिति की ओर विकास कार्यों की मांग की गई थी। महापौर ने मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। श्री रोहरा के प्रयास से शासकीय महाविद्यालय सुखराम नागे में तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु लगभग पचास लाख रुपए व जिला जेल की बाऊण्ड्रीवाल हेतु 52:28 लाख रूपये की स्वीकृति मिली है। विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर महाविद्यालय परिवार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, गृहमंत्री विजय शर्मा, महापौर रामू रोहरा का आभार किया है।



- जिला जेल की बाउण्ड्रीवाल के लिए 52.28 लाख की स्वीकृति

## पोस्ट ऑफिस वार्ड में सुनी मोदी के मन की बात

**धमतरी।** पोस्ट ऑफिस वार्ड में युवा भाजपा नेता मुकेश शर्मा के निवास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात सुनी गई। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, मुकेश शर्मा, चित्ररेखा निर्मलकर, श्यामा साहू, पार्षद चंद्रभागा साहू, पार्षद, कुलेश सोनी, पार्षद युगलकिशोर यादव, विशाल त्रिवेदी, लता सोनी, सीमा चौबे, ऋतु त्रिवेदी, देवेंद्र ध्रुवंशी, श्याम तिवारी, देवेंद्र पटेल, रामेश्वर पुरी गोस्वामी, मुस्कान शर्मा उपस्थित थे।

### किसानों ने ठाकुर देव की पूजा कर बोनी की शुरूआत की

# अक्ती पर्व पर छोटे बच्चों ने रचाया पुतरा-पुतरी का विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

**पुराने रीति-रिवाजों का हुआ निर्वहन, आधुनिकता के दौर में भी लोग अपनी परंपरा नहीं भूले**



### ठाकुर देव की पूजा कर गांव की खुशहाली मांगी

अक्षय तृतीया पर रूद्री के ग्रामीणों ने गांव की सुख, समृद्धि के लिए ठाकुर देव की पूजा-अर्चना की। मौके पर प्रीतम साहू, केशव राम, रजिया, डोमार नारायण, शंकर साहू, कार्तिक केवल, रतन साहू, गणेश ध्रुव, बैगा उपेंद्र मानिकपुरी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। यह जानकारी गिरधर साहू ने दी।



अक्ती पर्व यानी अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त कहा जाता है। गांव व शहरों में लोग इस त्योहार को धूमधाम से मनाते हैं। शुभ कार्यों की शुरूआत होती है। शुभ मुहूर्त होने की वजह से इस दिन अंचल में हजारों शादियां होती हैं। पं. राजकुमार तिवारी के अनुसार अक्षय तृतीया बैसाख माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। स्थानीय बोली में इसे अक्ती पर्व कहते हैं। इस दिन जो भी शुभ कार्य किया जाता है, उसका अक्षय फल मिलता है। इसे सर्वासिद्ध मुहूर्त भी कहते हैं। बिना पंचांग देखे कोई भी शुभ कार्य कार्य किया जा सकता है। तर्पण, पिंडदान भी किया जाता है। पितरों को दिए गए तर्पण पिंडदान से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। इस दिन भगवान परशुराम का जन्म हुआ था।

ग्रामीण अंचल सहित शहरों के वार्डों में छोटे बच्चों ने इस दिन उत्साह के साथ पुतरी-पुतरा का विवाह रचाया। बड़े बुजुर्ग ने भी इस परंपरा में भाग लेकर खुशियां मनाई। इस शुभ दिन में बच्चों ने मिट्टी से बनी गुड्डे गुड्डा की प्रतिमा को दूल्हे के वेश में सजाकर विवाह परंपरा की खुशियां बिखेरी। ग्रामीण अंचल के छोटे बच्चे हेमा विश्वकर्मा, झलक विश्वकर्मा, नेहा साहू, मनिका सोनकर, दादू विश्वकर्मा, शांति विश्वकर्मा, रजनी विश्वकर्मा, कुमारी सोनकर, सुनीति सोनकर, भगवती सोनकर, राधा साहू, रत्ना सोनकर, सावित्री सोनकर, रेशमा सोनकर आदि ने बताया कि अक्ती पर्व पर वे हर साल पुतरा पुतरी का विवाह मंडप सजाकर रचाते हैं। यह कार्यक्रम तीन दिन पूर्व से शुरू करते हैं। पहले दिन चुलमाटी, दूसरे दिन तेल हल्दी, मायन और बारात तथा टीकावन की परंपरा निभाते हैं। बच्चे उत्साह के साथ कार्यक्रम में थिरकते नजर आए। बच्चों ने बताया कि उनके आयोजन में बड़े बुजुर्गों ने भरपूर साथ दिया। उनके मार्गदर्शन में विवाह की सभी पारंपरिक रस्मों का अनुकरण किया। बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में दूल्हे, दुल्हन को सजाकर पूरे मोहल्ले में बारात निकाली। अक्ती पर्व पर कृषकों ने धान को दोने में भरकर ठाकुर देव को अर्पण किया। ठाकुर देव, ग्रामदेव, ईष्टदेव की पूजा अर्चना कर दोने में रखे धान को घर लाकर खेतों में बोनी की शुरूआत की तथा ठाकुर देव से अच्छी फसल की कामना की।

कृषक जयराम, फागूराम साहू, मन्नूलाल साहू, जगदीश निषाद, भूषण साहू आदि का कहना है कि इस दिन खरीफ फसल की बोनी की शुरूआत ठाकुर देव की पूजा अर्चना करने के बाद की जाती है। इस दिन फसल की बुआई करने से अच्छी फसल होती है। यह प्राचीन परंपरा सदियों से आ रही है। पूर्वजों के मार्गदर्शन में यह रीतिरिवाज गांवों में आज भी कायम है।

ग्रामीणों का कहना है कि पूजा पाठ गांव के बैगा की अगुवाई में करते हैं। सुबह से दोपहर तक होने वाली इस पूजा के दौरान गांवों के घर आंगन में झाड़ू लगाना, लीपाई पुताई, पानी भरना बंद रहता है। इसके लिए एक दिन पूर्व गांव में मुनादी करवा दी जाती है। दोने में धान, हल्दी, तेल चढ़ाते हैं। पलास या परसा के पत्तों का दोना बनाया जाता है। धान के लिए नई टोकरी खरीदते हैं। ठाकुर देव के समक्ष सांकेतिक बुआई, निंदाई, गुड़ाई, मिंजाई आदि करते हैं।

## महापौर ने नत्थूजी जगताप स्कूल के नए प्रवेश द्वार का किया शुभारंभ



**धमतरी।** महापौर रामू रोहरा ने 30 अप्रैल को शासकीय नत्थूजी जगताप नपानि उमावि के नए प्रवेश द्वार एवं नए मोटरपंप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर ने प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत मांगपत्र में प्रार्थना स्थल पर शेड, स्कूल गेट के सामने ट्रक पार्किंग एवं शाला प्रांगण में वाहन पार्किंग हटाने पर त्वरित कार्रवाई पर सहमति प्रदान की।

संस्था के स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थियों ने महापौर का मार्च पास्ट के साथ स्वागत किया। महापौर ने शाला की किसी भी समस्या का निदान करने का आश्वासन दिया। मौके पर शाला प्राचार्य डॉ. श्रीमती अन्नपूर्णा सिन्हा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, पूर्व पार्षद सरिता असाई एवं अन्य पार्षद उपस्थित थे।

## मां दंतेश्वरी हाईस्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मां दंतेश्वरी हाईस्कूल हिन्दी एवं अंग्रेजी मीडियम स्कूल रत्नाबांधा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी में धनेश्वर साहू प्रथम, नित्या देवांगन द्वितीय, मयंक चौहान तृतीय रहे। हिन्दी मीडियम में कक्षा केजी 1 से सूरज सिन्हा प्रम, मोक्ष नगारची द्वितीय, दृष्टि ध्रुव तृतीय रहे। कक्षा केजी 2 में प्रथम साक्षी मीनपाल, द्वितीय युवराज साहू, अर्पिता सोनकर तृतीय रहे।

कक्षा 1 ली में प्रथम आशा मेश्राम, द्वितीय विभा चक्रधारी, तृतीय आंकाक्षा साहू, दूसरी में प्रथम झरना देवांगन , द्वितीय यादिती साहू, तृतीय अमृता बंजारे रहे। तीसरी में प्रथम सेजल ढीमर, द्वितीय चन्द्रआकाश सतनामी, तृतीय रणवीर वर्मा रहे। कक्षा चौथी से प्रथम साकेत देवांगन, द्वितीय तेजिस्वनी नाग, तृतीय कपिल देवांगन रहे। कक्षा 6वीं में प्रथम वोनिश कुमार सेन, द्वितीय प्रवीण ध्रुव, तृतीय प्रेरणा देवांगन रहे। कक्षा सातवीं में प्रथम धनिष्ठा मीनपाल, द्वितीय कावेरी हल्बा, तृतीय केतन तिवारी रहे।

कक्षा नवमी में प्रथम दीप्ति देवांगन, द्वितीय रोहिणी वर्मा, अनुराग नाग तृतीय रहे। सभी कक्षा का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। आचार्या श्रीमती लक्ष्मी रावटे ने सभी शिक्षकों एवं बच्चों को शुभकामनाएं दी। मौके पर परीक्षा प्रभारी लीला साहू, मोहन साहू, नूरेन्द्र साहू, वीणा साहू, वर्षा देवांगन, पूर्वी सोनकर, शारदा भुसाखरे, सरिता नेताम, रूपा यादव, ज्योति रामटेके, लोपिता पिद्दा, प्रियंका यादव, भेमिन साहू, भुखिन ध्रुव समेत अन्य उपस्थित थे।



## सेजेस बठेना के प्राचार्य को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पीएमश्री सेजेस मेहतरुराम धीवर उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना के प्राचार्य नागेंद्र पाण्डेय अपने शिक्षकीय जीवन के 38 साल 3 माह के दीर्घकालीन अनुभव को आत्मसात करते हुए 30 अप्रैल को सेवानिवृत हुए हैं। वे अपने शिक्षकीय जीवन में सरलता, विनम्रता, धारण कर अपने कर्तव्यों के निर्वहन में बड़ी ही संजीदगी के साथ कर्तव्य पथ पर अडिग रहे। वह एक कुशल वक्ता के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास के पात्र दृष्टा रहे हैं। संस्था के प्रभारी प्राचार्य आरके साहू ने श्रीफल एवं शॉल भेंट कर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की। उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत व्याख्याता मनहरण सिंह भास्कर, सेवानिवृत्त व्यायाम शिक्षक नीलमणि चंद्राकर एवं संस्था के समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

## पांचवीं और आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित, नगरी ब्लाक अव्वल

- 5वीं का रिजल्ट 99 .58 और 8वीं का 98 .06 प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में कक्षा 5वीं तथा 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। 5वीं में 99.58 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। 8वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 98.06 प्रतिशत रहा है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आगे भी मन लगाकर मेहनत से पढ़ाई करने और जीवन में सफल होने की आशा की है। डीईओ श्री जगदल्ले ने भी सफल विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

जिले में 5वीं कक्षा की परीक्षा में 11,321 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 11,274 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। 47 विद्यार्थी पूरक श्रेणी में हैं। कक्षा 5वीं में नगरी विकासखण्ड का रिजल्ट जिले में सबसे अच्छा रहा है। नगरी विकासखण्ड में 5वीं की परीक्षा में शामिल 2831 में से 2825 विद्यार्थी पास हुए हैं। नगरी विकासखण्ड की कक्षा पांचवीं का रिजल्ट 99.78 प्रतिशत रहा है। दूसरे स्थान पर मगरलोड विकासखण्ड का रिजल्ट 99.67 प्रतिशत रहा। मगरलोड में 1844 विद्यार्थी 5वीं की परीक्षा में बैठे थे, जिनमें से 1838 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कुरूद विकासखण्ड का रिजल्ट 99.50 प्रतिशत रहा। परीक्षा में शामिल 3257 विद्यार्थियों में से 3241 विद्यार्थी पास हुए हैं। धमतरी विकासखण्ड में 3389 विद्यार्थियों में से 3370 विद्यार्थी पास हुए हैं। कक्षा 5वीं में धमतरी विकासखण्ड का रिजल्ट 99.43 प्रतिशत रहा।

इसी तरह कक्षा 8वीं के रिजल्ट में भी नगरी विकासखण्ड जिले में अव्वल रहा है, जहां 99.14 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। कक्षा 8वीं की परीक्षा में नगरी विकासखण्ड में कुल 2686 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिसमें से 2663 विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। 23 विद्यार्थी पूरक श्रेणी में आए हैं। दूसरे स्थान पर 98.05 प्रतिशत सफलता के साथ कुरूद विकासखण्ड रहा है। कुरूद विकासखण्ड में 3498 विद्यार्थी 8वीं की परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 3430 विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। 68 विद्यार्थी पूरक श्रेणी में हैं।

मगरलोड विकासखण्ड का कक्षा आठवीं का रिजल्ट 97.80 प्रतिशत रहा है। मरगलोड में कक्षा 8वीं की परीक्षा में शामिल 2044 विद्यार्थियों में से 1999 विद्यार्थी उत्तीर्ण और 45 विद्यार्थी पूरक श्रेणी में आए हैं। धमतरी विकासखण्ड में कक्षा 8वीं में विद्यार्थियों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 97.46 रहा है। धमतरी विकासखण्ड में 3821 विद्यार्थियों में से 3724 विद्यार्थी आठवीं की परीक्षा में पास हुए हैं, 97 विद्यार्थियों की पूरक श्रेणी आई है।

### सीजी बोर्ड का परीक्षा परिणाम 5 को संभावित

10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद अब परीक्षार्थियों एवं उनके पालकों को परिणाम का इंतजार है। 30 अप्रैल को आईसीएससी बोर्ड दिल्ली का परिणाम घोषित कर दिया गया है। धमतरी में इससे संबंधित सेंट जेवियर्स एकमात्र स्कूल है। लोगों को सीजी - बोर्ड परिणाम का बेसब्री से इंतजार है। 5 मई को परिणाम आने की संभावना है। जिसकी तैयारी माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर कर चुका है।

## जिले में श्रमिकों के लिए नई वेतन दरें निर्धारित

**धमतरी।** जिले में विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत आकस्मिक निधि से वेतन पाने वाले दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए वेतन की नई दरें निर्धारित कर दी गई हैं। नई दरें 1 अप्रैल 2025 से 30 सितम्बर 2025 की अवधि के लिए निर्धारित की गई हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस संबंध में आदेश भी जारी किया है। आकस्मिक निधि से वेतन पाने वाले दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों और कर्मचारियों को जिले में नगरनिगम क्षेत्र और उससे लगे 8 किलोमीटर के दायरे में अलग और इस क्षेत्र को छोड़कर जिले के दूसरे क्षेत्र में अलग दर से वेतन मिलेगा। धमतरी नगर निगम और उससे लगे 8 किलोमीटर के दायरे में शासकीय विभागों के लिए काम करने वाले अकुशल श्रमिकों को 10 हजार 916 रूपये मासिक, अर्धकुशल श्रमिकों को 11 हजार 566 रूपये मासिक, कुशल श्रमिकों को 12 हजार 346 रूपये मासिक और उच्च कुशल श्रमिकों को 13 हजार 126 रूपये मासिक वेतन मिलेगा। नगर निगम क्षेत्र और उसके 8 किलोमीटर दायरे के बाहर के शासकीय कार्यालयों में काम करने वाले अकुशल दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को 10 हजार 656 रूपये मासिक, अर्धकुशल श्रमिकों को 11 हजार 306 रूपये, कुशल श्रमिकों को 12 हजार 86 रूपये और उच्च कुशल श्रमिकों को 12 हजार 866 रूपये मासिक वेतन निर्धारित किया गया है। निर्धारित की गई नई दरों के अनुसार धमतरी नगर निगम क्षेत्र और उसके 8 किलोमीटर के दायरे में अकुशल श्रमिकों को अब प्रतिदिन 364 रूपये वेतन मिलेगा। धमतरी निगम क्षेत्र और 8 किलोमीटर के दायरे से बाहर के कार्यालयों में कार्यरत ऐसे अकुशल श्रमिकों को 355 रूपये प्रतिदिन वेतन दिया जाएगा। इसी तरह अर्धकुशल श्रमिकों को धमतरी नगरनिगम और उसके 8 किलोमीटर के क्षेत्र तक 386 रूपये प्रतिदिन और इन क्षेत्रों से बाहर कार्यरत अर्धकुशल श्रमिकों को 377 रूपये प्रतिदिन मजदूरी मिलेगी। कुशल श्रमिकों के लिए यह दर 412 रूपये प्रतिदिन और 403 रूपये प्रतिदिन होगी। इसी तरह उच्च कुशल श्रमिकों को धमतरी नगर निगम और 8 किलोमीटर के दायरे में काम करने पर 438 रूपये और इसके बाहर 429 रूपये प्रतिदिन मजदूरी मिलेगी। वेतन दरों का निर्धारित श्रम विभाग के न्यूनतम वेतन अधिनियम के प्रावधानों के तहत किया गया है।

## दोनर स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दोनर में कक्षा 9वीं एवं 11वीं की स्थानीय परीक्षा परिणाम की घोषणा मुख्य अतिथि रामगोपाल चंद्राकर अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति, अध्यक्षता प्राचार्य एसके चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि श्रीमती खिलेश बाई नागरची सरपंच, रामखिलावन चंद्राकर सदस्य शाला विकास समिति, छबिलाल तारक सदस्य शाला विकास समिति, भीष्मदेव साहू पालक सदस्य शाला विकास समिति, बीके जैन उपप्राचार्य व व्याख्यातागण श्रीमती के. वैष्णव, श्रीमती एम. बैस, एचआर रामटेके, आरके यादव, सीएस ध्रुव, एसएल साहू, श्रीमती एल चंदनिहा, श्रीमती एस बूब, जी. बघेल, एसएन साहू, केएल साहू, श्रीमती पिंकी सोनी की उपस्थिति में की गई। कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 62.10 प्रतिशत रहा। प्रथम चुनेश्वरी, द्वितीय साक्षी चंद्राकर, तृतीय यशराज रहे। कक्षा ग्यारहवीं में 76.50 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। कला संकाय में प्रथम कुणाल, द्वितीय झरना व तमन्ना साहू तृतीय रहे। विज्ञान संकाय में प्रथम शुभम, द्वितीय दीपांजलि, तृतीय भेष राम रहे। वाणिज्य संकाय में प्रथम कीर्ति, द्वितीय लोकेश्वर, तृतीय टिकेश्वरी रहे। गणित संकाय में प्रथम मुकेश, द्वितीय पुष्पांजलि, तृतीय हिमांशु रहे। इस अवसर अध्यक्ष शाला विकास समिति राम गोपाल चंद्राकर ने सफलता प्राप्त बच्चों को शुभकामनाएं दी तथा असफल बच्चों को पुनः परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन एसएल साहू व्याख्याता व आभार प्रदर्शन आरके यादव परीक्षा प्रभारी ने किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून ,14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिर्डी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

### दीक्षा समारोह राजस्थान के बीकानेर में हुआ

# लीलमचंद-निकिता ने जैन मुनियों से ली दीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





बुधवार की सुबह राजस्थान के बीकानेर में दीक्षा समारोह का आयोजन हुआ। इसमें धमतरी के लीलमचंद सुराना के साथ सेमरा (भखारा) की बेटी निकिता संकलेचा ने भी दीक्षा ली। अब दोनों का नाम रामलयन मसा और रामनीति श्रीजी हो गया है। दोनों का परिवार इस दौरान वहां मौजूद रहा। धमतरी निवासी लीलमचंद सुराना सांसारिक मोहमाया त्यागकर तप और संयम की राह पर निकल पड़े हैं। 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर राजस्थान बीकानेर के भीनासर में दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया जिसमें 1008 रामलाल मसा एवं उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि मसा ने अलग-अलग जगहों से पहुंचे लोगों को दीक्षा दी जिसमें धमतरी के लीलमचंद भी शामिल हैं। अब दीक्षा के बाद उनका नाम रामलयन मसा हो गया है। अब वे संत बन चुके हैं। ज्ञात हो कि लीलमचंद सुराना की कर्मभूमि धमतरी, कांकेर और दुर्ग रही है। पेशे से इंजीनियर थे। लगभग 10 वर्ष पूर्व उनके मन में संयम की राह पर चलने का विचार आया। 11 मार्च को उनका आज्ञा पत्र स्वीकार हुआ था। तब से वे मोबाइल और चप्पल त्याग चुके थे। इसी समारोह में सेमरा (भखारा) की निकिता संकलेचा का परिवार भी पहुंचा था। दीक्षा लेने के लिए उनके आवेदन को वहां स्वीकार कर लिया गया। इस समारोह में निकिता को भी दीक्षा दिलाई गई। वह अब रामनीति श्रीजी बन गई हैं। बताया गया कि निकिता के पिता नहीं हैं। उनका परिवार लगभग 6 वर्ष पूर्व जिला बेमेतरा के बेरला में शिफ्ट हो गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020